# काज़ीरंगा के घास के मैदानों में पक्षियों की उच्च ववधिता

[स्रोत: TH](#)

**असम का** [**काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान**](#), जो मुख्य रूप से **एक-सींग वाले गैंडे** के लिये प्रसिद्ध है, अब **घास के मैदानों में रहने वाले पक्षियों** के लिये भी **एक जैवविविधता हॉटस्पॉट** के रूप में उभर कर सामने आया है।

- काज़ीरंगा में किये गए पहले समर्पित चरागाह पक्षी सर्वेक्षण में इसके तीन वन्यजीव प्रभागों में 43 प्रजातियाँ दर्ज की गईं। इनमें दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियाँ शामिल हैं:
  - **गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered):** बंगाल फ्लोरिकन
  - **संकटग्रस्त (Endangered):** फिन्स वीवर, स्वैम्प ग्रास बैबलर
  - **सुभेद्य (6 प्रजातियाँ):** ब्लैक-ब्रेस्टेड पैरटबिल, मार्श बैबलर, स्वैम्प फ्रैंकोलिन, जेरडॉन बैबलर, स्लेंडर-बिल्ड बैबलर, ब्रिस्टल्ड ग्रासबर्ड
- **फिन्स वीवर के सफल प्रजनन** की पुष्टि हुई है, जो काज़ीरंगा की **स्वस्थ घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र** का संकेत है।
- काज़ीरंगा का 1,174 वर्ग किलोमीटर का पर्यावास समृद्ध पक्षी जीवन का आश्रय है तथा घास के मैदानों में पक्षियों की विविधता **गुजरात और राजस्थान** के समकक्ष है।
  - यह अध्ययन **पूर्वोत्तर भारत में पक्षी संरक्षण की दिशा** में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:** काज़ीरंगा का नाम कार्बी शब्द ***"?????-?-???" ?? ???? ??? ??,*** जिसका अर्थ है ***"????? ?? ????",*** ऐसा माना जाता है कि इसका नाम इस क्षेत्र की एक महिला शासक के नाम पर रखा गया था।
- **इसे भारतीय गैंडों की रक्षा के लिये वर्ष 1908 में एक आरक्षित वन के रूप में स्थापित किया गया था, यह वर्ष 1950 में एक** [वन्यजीव अभयारण्य, 1974](#) **में राष्ट्रीय उद्यान और 1985 में एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बन गया, जिसे उच्च बाघ घनत्व के कारण वर्ष 2007 में एक** [टाइगर रिज़र्व](#) **घोषित किया गया था।**
  - यह पाँच बड़े जीवों (बिग फाइव) के लिये जाना जाता है: **गैंडा, बाघ, हाथी, एशियाई जंगली भैंसा और पूर्वी दलदली हरिण**। पूर्वी दलदली हरिणों की लगभग पूरी आबादी यहीं पाई जाती है।
  - काज़ीरंगा [**ब्रह्मपुत्र नदी**](#) **के किनारे स्थित** है। यह नदी उद्यान को **समृद्ध पोषक तत्त्व** तो प्रदान करती है, लेकिन **कटाव (Erosion)** के कारण **आवासीय नुकसान** भी पहुँचाती है।



**और पढ़ें:** काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गोल्डन टाइगर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kaziranga-records-high-diversity-of-grassland-birds